Mo- 9839418199

लक्ष्य फाउंडेशन ट्रस्ट

तवक्कलपुर उर्फ डण्डापुर, मरदह, गाजीपुर (उ०प्र०)

पत्रांक.................... दिनांक..20/03/2022.......

प्रबन्ध समिति की कार्यवाही

प्रस्ताव सं० - 02.

आज दिनांक 20-03-2022 को लक्ष्य फाउण्डेशन ट्रस्ट की बैठक प्रातः 11.00 बजे प्रशासनिक कक्ष में आहूत की गयी। जिसमें निम्न बिन्दुओं पर प्रस्ताव लाया गया और उसपर निर्णय लिया गया।

प्रस्ताव सं० 1– पिछली कार्यवाही की पुष्टि

निर्णय– पिछली कार्यवाही पढ़कर सुनायी गयी जिसकी सर्वसम्मति से पुष्टि की गयी।

प्रस्ताव सं० 2– पुष्पा सिंह इन्स्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, दुर्खुशी, मरदह, गाजीपुर के नाम से डी०फार्मा पाठ्यक्रम संचालित करने हेतु संस्था खोलने पर विचार।

निर्णय– ट्रस्ट की अध्यक्षता श्रीमती पुष्पा सिंह के द्वारा किया गया। श्रीमती पुष्पा सिंह द्वारा प्रस्ताव लाया गया कि अत्यन्त पिछड़े ग्रामीण क्षेत्र में डी०फार्मा पाठ्यक्रम खोलने की नितान्त आवश्यकता है। जिससे ग्रामीण छात्र/छात्राओं को उसका लाभ मिल सके। जिसको सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव को पारित कर दिया।

प्रस्ताव सं० 3– ट्रस्ट द्वारा डी०फार्मा पाठ्यक्रम के संचालन हेतु भूमि एवं आर्थिक सहयोग प्रदान करने पर विचार।

निर्णय– श्रीमती पुष्पा सिंह द्वारा प्रस्ताव लाया गया कि ट्रस्ट द्वारा डी०फार्मा पाठ्यक्रम का संचालन किया जायेगा तथा उक्त पाठ्यक्रम के संचालन हेतु ट्रस्ट द्वारा भूमि/भवन की व्यवस्था की जायेगी एवं उसके संचालन में जो भी व्यय होगा उसका भार ट्रस्ट को अपने होने वाली आय से ही पूरा करना होगा। उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने काफी देर तक महन मंत्रणा करने के उपरान्त सर्वसम्मति से प्रस्ताव को पारित कर दिया। उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने एक स्वर में उक्त पाठ्यक्रम के संचालन/मान्यता हेतु श्री वेदप्रकाश सिंह को अधिकृत किया कि वह जल्द से जल्द समस्त आवश्यक पत्राजातों को अपने हस्ताक्षर से सम्बन्धित विभाग में जमा करने एवं मान्यता सम्बन्धी कार्यों को पूर्ण करने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी दे दी गयी है।

अन्य कोई प्रस्ताव न आने की दशा में प्रबन्ध समिति की कार्यवाही अगले प्रस्ताव आने तक समाप्ति की घोषणा की गयी।

पुष्पा सिंह — अध्यक्ष

वेदप्रकाश सिंह — मुख्य ट्रस्टी